तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026



8 अंचल में होली की धूम: रंगों से सजे बाजार, फाग गीतों की गूंज और ...





9 श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में त्रिदिनी ध्वजा महोत्सव...






## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

**बालोद।** बाजार जा रहे बाइक सवार व्यक्ति को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद घायल युवक को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुरूर निवासी अनिल पुरी गोस्वामी 27 वर्ष बाइक के माध्यम से ग्राम नरहरपुर का बाजार जा रहा था, इसी दौरान धमतरी जिले के ग्राम कुकरेल मार्ग पर स्थित ग्राम सियादेही के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी। जिससे बाइक चालक सड़क किनारे स्थित गढ्ढे में जा गिरा, जहां आस पास के लोगों ने व्यक्ति की मदद करते हुए उसे बाहर निकाला तथा पुलिस को जानकारी दी। इस घटना में व्यक्ति का पैर में गंभीर चोट आई है। जिसके बाद घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां व्यक्ति का ईलाज जारी है।

### 190 पौव्वा शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** जिले में अवैध शराब कारोबार पुलिस ने ग्राम मालीघोरी के जंगल क्षेत्र से एक आरोपी को 190 पौव्वा देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया है। नियमानुसार एक व्यक्ति को मात्र चार पौव्वा शराब ही देने की अनुमति है, ऐसे में सवाल यह उठता है कि आरोपी के पास इतनी बड़ी मात्रा में शराब आखिर पहुंची कैसे। जानकारों का कहना है कि यदि आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की जाए तो पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। आखिर 190 पौव्वा शराब कोई छोटी-मोटी मात्रा नहीं है। यह संगठित स्तर पर सप्लाई और संरक्षण के बिना संभव नहीं माना जा सकता। मामले ने कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। क्या जांच सिर्फ छोटे आरोपी तक सीमित रहेगी या बड़े चेहरों पर भी कार्रवाई होगी। जनता अब निष्पक्ष और गहन जांच की मांग कर रही है। यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि अवैध शराब का यह कारोबार किसी बड़े संरक्षण में फल-फूल रहा है।

### प्लेसमेंट कैंप 26 को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 26 फरवरी को आयोजित की गई है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में शीतल मोटर्स रायपुर द्वारा दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कवर्धा एवं राजनांदगांव के लिए 26 फरवरी को सुबह 11 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्युतकार एवं मैकेनिकल व्यवसाय के सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षाथएँ उक्त तिथि को अपने सम्पूर्ण दस्तावेजों मूल प्रति व छायाप्रति एवं पासपोट साईज 02 फोटों, बैंक एकाउंट, आधार कार्ड, वोटर आई.डी. के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# वनपरिक्षेत्र में तेंदूपत्ता शाखकर्तन पर कार्यशाला, संग्राहकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

वन संरक्षण, ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक सशक्त और प्रेरक पहल के रूप में आज तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला एवं संग्राहक सम्मेलन का आयोजन। दल्लीराजहरा के मंगचुवा वनपरिक्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संग्राहकों को आग लगाकर पत्ते प्राप्त करने की परंपरागत पद्धति से हटाकर शाखकर्तन विधि के प्रति प्रशिक्षित करना रहा, ताकि बेहतर गुणवत्ता के तेंदूपत्ते प्राप्त हों और वनाग्नि की घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात जिला यूनियन बालोद के उपप्रबंध संचालक द्वारा शाखकर्तन कार्यशाला के अंतर्गत बूटा कटाई की प्रक्रिया, औजारों के उपयोग, सही तकनीक और सुरक्षित संग्रहण से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। संग्राहकों को बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धति से की गई शाखकर्तन न केवल उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाती है, बल्कि जंगलों की प्राकृतिक संरचना और जैव विविधता को भी सुरक्षित रखती है। ▶▶|शेष पेज 08 पर

■ शाखकर्तन से हरियाली की रक्षा, संग्राहकों से वन संरक्षण की मजबूत साझेदारी

## आग की परंपरा छोड़ वैज्ञानिक शाखकर्तन अपनाने पर जोर



### स्वास्थ्य सुरक्षा की मजबूत पहल

कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क फाइलेरिया उपचार दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संग्राहकों और ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग और वन विभाग के समन्वय से हुए इस प्रयास में रोग की रोकथाम, समय पर उपचार और जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। लोगों को फाइलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय और नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुरक्षा को नई मजबूती मिली। वनाग्नि रोकथाम पर विशेष सत्र में आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई और समुदाय आधारित वन संरक्षण मॉडल को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण–जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत कम लागत में सोख्ता (जल निकासी एवं भू-जल पुनर्भरण हेतु गड्ढा) निर्माण की विधि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया, जिससे जल संचयन, भूजल संरक्षण और ग्रामीण सहभागिता को बढ़ावा मिला।

## बजट

**कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवा कौशल पर विशेष फोकस**

# बजट में विकास का खाका, सरकार ने रखा 'संकल्प से सिद्धि' का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को बालोद जिले के भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास का संकल्प बताया। बजट में विकास का खाका, सरकार ने रखा संकल्प से सिद्धि का रोडमैप है।

प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास की गति को और तेजी प्रदान करेगा, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रें का संतुलित विकास हो, भविष्य के अनुरूप कार्य बल तैयार हो, आजीविका के नए अवसर उपलब्ध हो, कमजोर वर्ग अग्रणी बने और छत्तीसगढ़ के युवाओं को आधुनिक कौशल से उन्नत किया जा सके।

छत्तीसगढ़ वनोंपज संघ के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री यज्ञदत्त शर्मा ने कहा यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट छत्तीसगढ़ अंजर 2037 के लक्ष्य की पूर्ति एवं राज्य की सतत विकास यात्र में उठाया गया एक कदम है, बजट में पांच नए मिशन भी शामिल किए गए। ▶▶|शेष पेज 08 पर

### मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में विकासोन्मुख बजट का स्वागत : भाजपा







#### जनकल्याणकारी है बजट

जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे ने बजट को लेकर कहा विष्णुदेव सरकार का बजट 3.0 कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला–सशक्तिकरण, अधोसंरचना और निवेश–प्रोत्साहन सहित कई विभागों के लिए योजनाबद्ध प्रावधान शामिल हैं। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विनोद जैन ने कहा सुशासन सरकार का आम बजट सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाला सभी वर्गों को प्राथमिकता देने वाला जनकल्याणकारी बजट है। जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया ने कहा बजट सर्वस्पर्शी है जो समाज के सभी वर्गों महिला, किसान, युवा ,उद्यमी और महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

#### राज्य की नीति को प्रदर्शन में निवेश को परिणाम

पूर्व प्रदेश मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता जन सेवक राकेश यादव ने कहा यह बजट समावेशी विकास क्षेत्रीय संतुलन मजबूत आधारभूत संरचना मानव संसाधन विकास अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता तथा राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित है। बजट राज्य की नीति को प्रदर्शन में निवेश को परिणाम में और आकांक्षाओं को प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्धियां में बदलने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पवन साहू ने बजट को लेकर कहा कृषि उन्नत योजना के अंतर्गत 10000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, इस योजना का उद्देश्य खेती में आधुनिक तकनीक बेहतर इनपुट और उत्पादकता का बढ़ाने के साथ-साथ फसल विधि कारण को प्रोत्साहन करना है।

### निराशाजनक बजट : विधायक अनिला



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्तुत बजट को जनता की अपेक्षाओं के विपरीत बताते हुए इसे निराशाजनक और जुमलों से भरा करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस उम्मीद के साथ बजट को देखा थी, वह पूरी तरह टूट गई है। भेड़िया ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बजट में संकल्प जैसे बड़े शब्दों का प्रयोग तो किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर आम लोगों को राहत देने वाली कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 08 पर

### जनभावनाओं के विपरीत बजटः संगीता



**बालोद।** प्रदेश सरकार के बजट को विधायक संगीता सिन्हा ने निराशाजनक व जन भावना के विपरीत बताया है। संगीता सिन्हा ने कहा बजट में प्रदेश की महिलाओं की उपेक्षा की गई है। प्रदेश की महिलाओं का उनके अधिकारो से वंचित रखा जा रहा है। संगीता सिन्हा ने कहा प्रदेश सरकार के मंत्री का यह भाषण प्रदेश के इतिहास के सबसे लंबे भाषण में से एक है, लेकिन यह प्रदेश को गति देने चाला नही दुर्गति करने वाला बजट है। लंबे चौड़े वादो के मध्य महिलाओ के हाथ मे शून्य ही ▶▶|शेष पेज 08 पर

## अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 6 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु 24 फरवरी को खनिज विभाग की टीम द्वारा गुरूर एवं बालोद विकासखण्ड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर कुल 06 वाहनों को जब्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों में 05 वाहन खनिज रेत और 01 वाहन मिट्टी (ईंट) के परिवहन में संलग्न थे। कार्रवाई के दौरान 02 वाहनों को थाना, आरक्षी केन्द्र मरकाटोला कैम्प, 01 ट्रेलर और 01 ट्रैक्टर को थाना बालोद, एवं 01 माजदा व 01 ट्रैक्टर को थाना गुरूर की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी अवैध परिवहन के मामलों में इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी जिससे जिले के खनिज संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

■ निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन करते पकड़ाए

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जिला स्तरीय हुई समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, जिला कलेक्टर, बालोद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे एमडीए अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। जिसमें ब्लॉकवार एवं सेक्टरवार कवरेज की स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों की तुलना तथा कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रें की पहचान पर चर्चा की गई। अपेक्षित कवरेज न होने के कारणों जैसे अनुपस्थित हितग्राही, दवा सेवन से इंकार के प्रकरण, अपर्याप्त जनजागरूकता एवं क्षेत्रीय पर्यवेक्षण में कमी पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। कवरेज बढ़ाने हेतु माइक्रोप्लानिंग को सुदृढ़ करने, छूटे हुए हितग्राहियों की सूची तैयार करने, अप्राप्त घरों में मॉप–अप राउंड संचालित करने तथा कम प्रदर्शन वाले ब्लॉकों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा आईईसी गतिविधियों को तेज करने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने, दवा सेवन से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने तथा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में दवा सेवन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही दैनिक प्रगति प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने, ब्लॉक एवं सेक्टर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा अभियान अवधि में अधिकतम कवरेज प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तर से सीएमएचओ, डीपीएम, डीएमओ, वीबीडी ▶▶|शेष पेज 08 पर

■ कवरेज बढ़ाने के निर्देश

## महिला की संदिग्ध हालात में शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी




**बालोद।** थाना क्षेत्र के ग्राम देवी नवागांव में ग्राम की ही एक 38 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। मामला आत्महत्या का है कि हत्या का, यह बात स्पष्ट नही है, लेकिन शरीर मे मिले कुछ निशान मामले को संदिग्ध बना रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार 23 फरवरी के शाम 7 बजे ग्राम देवी नवागांव के तांदुला नदी ओवर ब्रिज के पास गए ग्रामीण ने जामबाड़ी के किनारे एक महिला का शव देखा, इसकी जानकारी ग्रामीण ने अन्य ग्रामीणो को दी, ग्रामीणों उसकी पहचान ग्राम की ही सावित्रीबाई निषाद पति धर्मेंद्र 38 वर्ष के रूप में पहचान की। सावित्री बाई निषाद का घर ▶▶|शेष पेज 08 पर

■ तांदुला नदी ओवरब्रिज के पास मिला शव

# श्री विष्णु धाम के 11 दिनी मेला उत्सव में नागा साधुओं का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगिचा में नागा साधु पधारे हुए हैं, यहा 11 दिन का भव्य महाकुम्भ मेला लगा हैं, काशी का बड़ा हनुमान घाट श्री पंच दशनाम नागा साधु सनत पुरी जी जो एक प्रमुख अखाड़ा का दृश्य दिखाता हैं। यहां नागा साधुओं का निवास है, जो अपनी तपस्या और साधना के लिए जाने जाते हैं, बाबा अभी वर्तमान में पखांजूर में निवासरत है। हनुमान घाट का महत्व इस प्रकार है, यहां भगवान हनुमान की पूजा की जाती है, जो भक्तों को शक्ति और शांति प्रदान करते हैं।

■ 11 दिवसीय मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

■ काशी के बड़े हनुमान घाट से आए नागा साधु



### नागा साधुओं का निवास

यहां नागा साधुओं का निवास है, जो अपनी तपस्या और साधना के लिए जाने जाते हैं। यहां गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। नागा साधु सनत पुरी जी ओटेबंद के महायज्ञ परिसर पर 15 सालो से आ रहे हैं। बाबा जी बताये कि छत्तीसगढ़ का एक प्रसिद्ध मंदिर हैं। जिसे श्री विष्णु धाम महायज्ञ के नाम से जाने जाते हैं। बाबा जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे क्षेत्र के पूर्व सरपंच ओटेबंद भागेश्वरी साहू, अंडा से बंशी लाल चन्द्राकर, देवनारायण चन्द्राकर, विश्वा पुजारी सहित आस पास के ग्रामीण जनो ने भी बाबा जी से आशीर्वाद लिया।

**लगातार मिल रही संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें**

# लॉज-गेस्ट हाउसों पर अनैतिक गतिविधियों का आरोप, पुलिस ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न लॉज, रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउसों में लगातार मिल रही संदिग्ध और अनैतिक गतिविधियों की सूचनाओं ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल बना दिया है।

क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों में इसे लेकर भारी असंतोष देखा जा रहा है। लगातार गोपनीय सूचनाओं और मुखबिर तंत्र के माध्यम से ऐसी गतिविधियों की जानकारी सामने आ रही है। पूर्व में जिला मुख्यालय के हृदय स्थल दल्ली चौक स्थित लॉज, बालोद जिला मुख्यालय के एक लॉज तथा होटल में अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों पर पुलिस द्वारा दबिश देकर कार्रवाई की जा चुकी है। गोपनीय सूत्रों के अनुसार लॉज का संचालन दल्लीराजहरा के एक संचालक द्वारा किए जाने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन गतिविधियों के कारण क्षेत्र का सामाजिक वातावरण दूषित, युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव और पारिवारिक मूल्यों पर सीधा आघात हो रहा है।

**शासन के नियम और कानूनी प्रावधानः** शासन के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार लॉज/होटल/गेस्ट हाउस संचालन हेतु वैध लाइसेंस अनिवार्य। प्रत्येक आगंतुक का वैध पहचान पत्र दर्ज करना आवश्यक है।

**जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने जताई चिंताः** अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, सार्वजनिक शांति भंग करने वाले कृत्य, और अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जिम्मेदारी है कि ऐसे स्थलों की नियमित जांच की जाए, बिना पंजीयन, नियमों के उल्लंघन ▶▶|शेष पेज 08 पर



### दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल क्षेत्र में मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। संदिग्ध स्थलों पर निगरानी बढ़ाई गई है। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं

अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने कहा कि गोपनीय सूचनाओं के आधार पर सत्यापन किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर

### नियमित जांच की जा रही

दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले लॉज, रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउस की नियमित जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

**पुलिस अधीक्षक, विकास पाटले**

# एआई समिट विवाद में भाजपा किसान मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कांग्रेस द्वारा एआई समिट में किये गये बेहूदा और शर्मनाक करतूत के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। स्थानीय जय स्तंभ चौक में भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी कर विरोध और रोश जताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने कहा कि कांग्रेस का कृत्य देश की छवि बिगाड़ने वाला ▶▶|शेष पेज 08 पर

■ नारेबाजी के साथ कांग्रेस के खिलाफ जताया आक्रोश



### इनकी रही उपस्थिति

विरोध प्रदर्शन मे भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, जिला मंत्री प्रेमसाहू, बालोद शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, राजेश दसोडे, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, किसान मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पेंद्र तिवारी व संतोष गंगबेर, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, सह कोषाध्यक्ष दिनेश साहू, करहीभदर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, रमेश सोनवानी, मनोहर सिन्हा, मणिकांत बघेल,युवराज साहू, कार्यालय मंत्री वीरेन्द्र साहू, संतोष चन्द्राकार, चिंताराम साहू, भोलाराम साहू, लीलाराम सोनबेर, मनीष साहू, गजेन्द्रसाहू, ओम प्रकाश साहू, टिनेश्वर बघेल, कैलाश चांडक, राहुल सोनी, रविंद्र टेमरिया ईश्वर साहू, आशुतोष कौशिक, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, जागेश्वर ढीमर, रजत जैन, युवा मोर्चा बालोद मंडलाध्यक्ष राहुल सोनी, मंडल महामंत्री कमल बजाज, गौतम बजाज, अर्पित दुबे यश राजपूत सहित भारतीय जनता पाटएँ के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# अंचल में होली की धूम: रंगों से सजे बाजार, फाग गीतों की गूंज और हर्बल गुलाल की बढ़ती मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

होली पर्व को लेकर नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में उत्साह चरम पर पहुंच गया है। रंग, उमंग और परंपरा के संगम से पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में डूबता नजर आ रहा। दल्लीराजहरा बाजारों में रंग-गुलाल, अबीर, पिचकारी, पारंपरिक वस्त्र, मिठाइयों और पूजा सामग्री की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग में होली को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास दिखाई दे रहा है।

**घर-घर सजी परंपराओं की तस्वीर:** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने घरों की विशेष साफ-सफाई कर रहे हैं। आंगन, गलियारे और छतें सजाई जा रही हैं। कई घरों में गोबर-लिपाई, रंगोली, फूलों की सजावट और पारंपरिक प्रतीकों के माध्यम से संस्कृति की सुंदर झलक दिखाई दे रही है। महिलाएं घरों में गुझिया, पापड़, सेव, दही बड़ा, चिप्स और पारंपरिक पकवान बनाने में जुट गई हैं, जिससे पूरे माहौल में त्योहार की खुशबू घुलती जा रही है।

## भाईचारा, सामाजिक समरसता और सौहार्द का संदेश

### फाग गीत, लोक संस्कृति और सांस्कृतिक रंग

नगर के कई मोहल्लों में फाग गीत, कीर्तन, ढोलक-नगाड़ों और पारंपरिक लोक कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर हैं। युवा और बुजुर्ग मिलकर लोकगीतों का अभ्यास कर रहे हैं, जिससे लोक संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिल रही है। स्थानीय कलाकार प्रदीप निषाद का कहना है होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि हमारी लोक संस्कृति, परंपराओं और सामूहिक आनंद का उत्सव है। फाग गीत और लोक संगीत ही इसकी असली पहचान हैं। होली पर्व के माध्यम से आपसी मतभेद भुलाकर गले मिलने, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश पूरे नगर में दिखाई दे रहा है।



### सुरक्षा और शांति व्यवस्था भी सुदृढ़

त्योहार को देखते हुए नागरिकों द्वारा स्वच्छता, सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मोहल्लों में स्वयंसेवक दल सक्रिय किए गए हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी और धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। संस्कृति, परंपरा और उत्साह का अद्भुत संगमः दल्लीराजहरा में होली केवल त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक उल्लास का प्रतीक बनकर उभर रही है। रंगों के साथ रिश्तों की मिठास, परंपराओं की खुशबू और लोक संस्कृति की धड़कन इस पर्व को और भी खास बना रही है जहां रंग सिर्फ चेहरों पर नहीं, बल्कि दिलों में भी उतरते नजर आ रहे हैं।

### बाजारों में लौटी रौनक, व्यापार में उछाल

स्थानीय बाजारों में होली को लेकर जबरदस्त चहल-पहल है। हर्बल और प्राकृतिक रंगों की मांग तेजी से बढ़ी है। पिचकारी, टोपी, मुखौटे, ढोल-नगाड़े और मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। रंग-गुलाल विक्रेता राजेश साहू का कहना है— इस बार लोग हर्बल और प्राकृतिक रंगों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजार में अच्छी खरीदारी हो रही है, जिससे छोटे व्यापारियों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। होलिका दहन के लिए दल्लीराजहरा के विभिन्न मोहल्लों और ग्राम पंचायतों में स्थान चिन्हित किए जा चुके हैं। लकड़ी, उपले और अन्य सामग्री एकत्र की जा रही है। सामाजिक समितियां और युवा संगठन व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में जुटे हैं, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर वर्मा ने कहा—होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसे सामूहिक एकता और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने किया से. 6 क्षेत्र का औचक निरीक्षण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जोन-5 अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री प्रतिक्षालय, उद्यान और टेनिस कोर्ट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एमजीएम स्कूल के समीप स्थित यात्री प्रतिक्षालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि यात्रियों के बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियां क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने इसे तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। सेक्टर-6 बम्लेश्वरी मंदिर के पास स्थित उद्यान का अवलोकन करते हुए उन्होंने बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों के टहलने और बैठने के लिए वातावरण स्वच्छ होना चाहिए। समीपस्थ टेनिस कोर्ट का जायजा लेते हुए आयुक्त ने खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे एवं स्वच्छता निरीक्षक सूर्या, सुपरवाइजर मनीष चौधरी, वेंकट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीटू ने ड्यूटी के समय मूवमेंट बंद रखे जाने कार्यपालक निदेशक से की मांग

# बीएसपी में लोको और ट्रकों के आवागमन के बीच कर्मचारी बायोमेट्रिक से लगाते हैं अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर विभिन्न शिफ्टों में ड्यूटी आने जाने के दौरान ट्रक और लोको का आवागमन कर्मचारियों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है। उन्हें जल्दबाजी में बायो अटेंडेंस के समय सुरक्षा की चिंता बनी रहती है। हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से ड्यूटी शुरू होते और खत्म होते समय संयंत्र के अंदर ड्यूटी आने जाने वाले सड़कों पर लोको मूवमेंट और ट्रक मूवमेंट को निर्धारित समय के लिए बंद किया जाने की मांग की है। इससे संयंत्र में कार्यरत स्थाई और ठेका कर्मी सुरक्षित रूप से समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंच सकेंगे।

सीटू के महासचिव टी जोगा राव ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक को ज्ञापन देकर बताया कि संयंत्र में कर्मचारियों के ड्यूटी आने जाने के दौरान सुरक्षा को देखते हुए लोको आवागमन बंद करना बहुत जरूरी है । संयंत्र में बायोमैट्रिक अटेंडेंस के लगाने कर्मी ड्यूटी शुरू होते समय जल्दी में अपने विभाग के तरफ जाते हैं । इस समय भी प्लांट के अंदर ड्यूटी जाने वाले सड़कों पर लोको मूवमेंट जारी रहता है । इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। कर्मियों के ड्यूटी आते एवं जाते समय अक्सर ट्रक चालकों एवं लोको ऑपरेटर से विवाद भी हो रहा है। ड्यूटी टाइम में अचानक ट्रक वाले घुस आते हैं और लोको ऑपरेटर अथवा शटिंग स्टाफ के साथ भी कर्मियों से विवाद होता है।

**कर्मचारियों को दुर्घटना का बना रहता है खतरा, ट्रकों की भी होती है आवाजाही**



### लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

सीटू के सहायक महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि 2024 से संयंत्र में बायोमेट्रिक सिस्टम लागू है। वाहनों के स्पीड को नियंत्रित करने के लिए पूरे संयंत्र में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इन सबके बीच जब ड्यूटी टाइम में ट्रक तेजी से आते जाते हैं और डिपार्टमेंट पहुंचने वाले सड़कों पर ड्यूटी शुरू होने अथवा छुट्टी होने के समय लोको का मूवमेंट होता रहता है तो कर्मी इससे परेशान होने लगते हैं । प्रबंधन कर्मियों की सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षित परिहवन व्यवस्था करे।

### मुख्य मार्गों पर लगे डिस्प्ले बोर्ड

संयंत्र में रफ्तार से ट्रकों के आवागमन के दौरान कर्मियों की सुरक्षा के लिए मुख्य मार्गों पर बड़े बड़े डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं। संयंत्र के मुख्य गेटों पर पहुंचने वाले मार्गों में लगे डिस्प्ले बोर्ड इतना छोटा है कि उसे कई लोग पढ़ नहीं पाते हैं। सीटू ने प्रबंधन से ड्यूटी के समय कुछ समय के लिए लोको मूवमेंट बंद रखे जाने की मंग की है। प्रथम पाली के समय सुबह 5:45 से 6:15 बजे तक, सामान्य पाली में 8:45 से 9:15 बजे तक, द्वितीय पाली के समय में 1:45 से 2:15 बजे तक, शाम सामान्य पाली छुट्टी समय 5:30 बजे से 5:45 बजे तक, रात्रि पाली में 9:45 बजे से 10:15 बजे तक लोको मूवमेंट को बंद रखा जाना चाहिए । इससे कर्मी सरलता के साथ अपने विभागों में पंचिंग करने तथा आउट पंचिंग करने के बाद वापस जाने के लिए रेल क्रासिंग वाले सड़कों से सरलता से आवाजाही कर सकेंगे।

# बीएसपी कर्मियों को 39 माह का एरियर्स भुगतान व ठेका श्रमिकों को मिले 26 हजार रुपए वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक, भिलाई के महासचिव और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने डॉ. जी संजीव रेड्डी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, (इंटक) से हैदराबाद में मिलकर कर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के वेतन समझौता और सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की । उन्होंने उच्च प्रबंधन से कर्मचारियों व ठेका मजदूरों की मांगों को पूर्ण कराने की मांग की। डा. रेड्डी ने सरकार व सेल प्रबंधन चर्चा कर बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कराने काआश्वासन दिया है। बैठक में 1 जनवरी 2017 से लंबित वेतन समझौते के बाद 39 माह का एरियर्स भुगतान सहित हाउस रेंट अलाउंस में संशोधन और वर्ष 2007 से लागू मंथली इंसेंटिव स्कीम का पुनरीक्षण कराने का आग्रह किया गया। श्री साहू ने बताया कि कर्मचारियों के लिए बेहतर आवास व्यवस्था।

- इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेड्डी से मिली स्टील इम्पलाइज यूनियन

सेवानिवृत्ति के समय 650 वर्गफीट निर्धारित आवास के अतिरिक्त अन्य आवास को भी लाइसेंस पर जारी करने, नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम लागू करना,बेहतर एवं सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाए दिलाने की मांग की। ठेका श्रमिकों के लिए 26 हजार न्यूनतम वेतन अन्य भत्ते, तथा ईएसआईसी सीमा 50 हजार तक बढ़ाने की मांग।सेल के ठेका श्रमिकों के लिए स्पष्ट एवं बेहतर नीति निर्माण और नए श्रम कानूनों से पर चर्चा की।. जी. संजीव रेड्डी ने आश्वस्त किया कि सरकार और सेल अध्यक्ष स्तर पर चर्चा की जाएगी तथा कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेंगे।

# शोषण के खिलाफ फिर सड़कों पर उतरेंगे ठेका मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वर्षों से उद्योगों में काम करने वाले ठेका मजदूरों की मांगों और संघर्ष के बाद भी चौतरफा शोषण से उनमें असंतोष बढ़ रहा है। मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा है और न ही बेहतर वेतन व बोनस ही दिया जा रहा है। देश के दस ट्रेड यूनियनों व फेडरेशन के आह्वान पर 12 फरवरी को हुई देशव्यापी हड़ताल के बाद अब फिर भारतीय मजदूर संघ बैनर तले ठेका मजदूरों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और नई श्रम संहिता सहित केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 25 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस आशय का निर्णय अखिल भारतीय ठेका मजदूर संघ बीएमएस के जगन्नाथपुरी में हुए अखिल भारतीय अधिवेशन लिया गया। सम्मेलन मेंभिलाई व छग सहित देशभर के ठेका मजदूरों के हितों के साथ देश में लागू मजदूर विरोधी नीतियों पर चर्चा हुईपर चर्चा हुई। अखिल भारतीय ठेका मजदूर महासंघ बीएमएस के राष्ट्रीय सचिव अनिल साहू ने बताया कि 25 जनवरी को जन जागरण आंदोलन के तहत देश के सभी राज्यों में जिलाधिकारी कार्यालयों, शासकीय कार्यालयों, श्रम कार्यालयों व ई-कार्यालयों के सामने धरना आंदोलन किया जाएगा।

- अभा ठेका मजदूर महासंघ बीएमएस के बैनर तले 25 को होगा देशव्यापी जन जागरण आंदोलन

आंदोलन के माध्यम से श्रमिक हितों की रक्षा, श्रम संहिताओं में आवश्यक संशोधन तथा सरकार जागो के आह्वान के साथ जनजागरण किया जाएगा। जिला मुख्यालय दुर्ग में भी धरना दिया जाएगा। सम्मेलन में निर्वाचित नई कार्यकारिणी में एस मल्लेशम राष्ट्रीय अध्यक्ष (तेलंगाना) महामंत्री सुरेंद्र कुमार पांडे (छत्तीसगढ़), संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन व

तेलंगाना के केवीराधाकृष्णन को अभा ठेका मजदूर महासंघ का प्रभारी बनाया गया है।

### यह हैं प्रमुख मांगें

श्रम कानूनों का सार्वभौमिकरण,बिना भेदभाव के श्रम कानून समान रूप से लागू किए जाए,ठेका श्रमिकों के शोषण का समाप्त करने कानूनों में कठोर संशोधन किया जाए,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को मानदेय के स्थान पर शासकीय कर्मचारी का दर्जा, उचित वेतन व पूर्ण सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। सरकार,नियोक्ता और श्रमिकों के बीच त्रिपक्षीय संवाद तंत्र को पुनर्जीवित कर नियमित व प्रभावी बनाया जाए,सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में सामान्य भर्ती पर लगी रोक हटाया जाए।सोशल सिक्योरिटी कोड व वेज कोड को शीघ्र प्रभावी रूप से लागू किया,सभी स्कीम वर्कर्स को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए,पीएफ, ईएसआई, पेंशन, ग्रेच्युटी और बोनस की मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय न लिए जाने पर 25 फरवरी को देशभर में सरकार जागो आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

# जल प्रकृति का अमूल्य उपहार, इसे संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्री तटों की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का व्यापक अभियान आज जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश है। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का प्रेरणास्पद आयोजन के तहत



सेक्टर 8 स्थित नहर के पास सफाई अभियान किया गया। सेक्टर-8 में सैकड़ों अनुयायी इस अभियान में अपनी सेवाएं देकर स्वच्छता का संदेश दिया। संत निरंकारी मिशन ब्रांच दुर्ग-भिलाई द्वारा आज स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के अंतर्गत सेक्टर-8 नहर के पास सघन सफाई अभियान किया।

# रिसाली-धनोरा के बीच बनेगा अंडर ब्रिज घासीदास बाबा के नाम पर ट्रेन चलाने प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में के सांसद विजय बघेल ने कई सारे महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इन सुझावों को माना गया तो रिसाली-धनोरा समपार फाटक पर अंडरब्रिज की जगह ओवरब्रिज बनेगा।

- परामर्शदात्री समिति की बैठक में सांसद विजय बघेल ने दिए सुझाव

इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और यहां अंडरब्रिज बनना अधिक उपयोगी नहीं माना जा रहा है। यहां अंडरब्रिज बनने से यातायात की जो समस्या है उसका सही में निराकरण नहीं हो सकेगा। ऐसे में रेलवे के द्वारा सांसद विजय बघेल के सुझाव को स्वीकृत किया जाता है तो इस मार्ग पर ओवरब्रिज बन सकता है। बघेल ने इस बैठक में बिलासपुर से पुणे जाने वाली ट्रेन का गुरु घासीदास गुरु बाबा के नाम पर नामकरण करने तथा इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने सहित अन्य कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति ज़ेडआरयूसीसी कि इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह, राज्य मंत्री तोरण साहू के प्रतिनिधि, रेल महाप्रबंधक डीआरएम रायपुर इत्यादि सहित अन्य कई प्रतिनिधि शामिल हुए थे।

### वनपरिक्षेत्र में तेंदूपत्ता शाखकर्तन ...

कार्यक्रम को दिशा देने में वनमंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल (डीएफओ) की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही। उनके मार्गदर्शन में संग्राहक कार्ड, नए संग्राहकों के सर्वे, तथा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं—जैसे छात्रवृत्ति और बीमा की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वन विभाग का लक्ष्य केवल वनोपज संग्रह नहीं, बल्कि संग्राहकों की सुरक्षा, समृद्धि और सतत विकास है। उनके नेतृत्व में वन संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की मजबूत पहल देखने को मिली। संग्राहकों को धूप से बचाव के लिए टोपी का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राजा राम तारम, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द चंद्राकर, वन समिति सभापति जनपद , राजेश्वरी टेकाम, जनपद सदस्य जागेश्वर दर्रो, जनपद सदस्य देव राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रेंगाडबरी उत्तरा कुमार चुरेंद्र, लघु वनोपज सहकारी समिति अध्यक्ष रेंगाडबरी थानसिंह रावटे, कुशल मंडावी टेकापार, झनक मंडावी बंजारी, नेतराम भांडेकर, चैत राम तुलावी पीपरखार, अमोली राम लोहारटोला के साथ समिति प्रबंधक, फड़ मुंशी, तेंदूपत्ता संचालक मंडल के सदस्य, संग्राहक ग्रामीण तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब संग्राहक, समाज और वन विभाग एकजुट होकर कार्य करते हैं। तब वन संरक्षण केवल प्रशासनिक कार्य नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन बन जाता है। मंगचुवा—दललीराजहरा क्षेत्र में

## पेज 7 के शेष

आयोजित यह सम्मेलन सतत वन प्रबंधन, जनस्वास्थ्य, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक मजबूत, सकारात्मक और दूरदर्शी पहल के रूप में स्थापित हुआ है।

### बजट में विकास का खाका...

प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा राज्य की समावेशी प्रगति और आर्थिक उन्नति की दिशा में निर्णायक कदम उठाना है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा प्रदेश की 3 करोड़ जनता के सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए समर्पित है, पिछले दो वर्षों में हासिल विकास की गति को यह बजट और तेज करने तथा छत्तीसगढ़ अंजोर 2047 के लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। कृष्णकांत पंवार ने कहा छत्तीसगढ़ में विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए बजट में पांच मुख्यमंत्री मिशन का प्रावधान किया गया है, पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा यह बजट महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 8200 करोड़ का प्रावधान किया गया है यह योजना महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने बजट में कहा सरकार ने इस वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया। जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने कहा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्यों के पांच शक्तिपीठ कुदरगढ़, रतनपुर, चंद्रपुर, डोंगरगढ़ तथा दंतेवाड़ा स्थित आस्था केंद्रों के दर्शन हेतु आस्था पथ योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### निराशाजनक बजट ...

आरोप लगाया कि आंकड़ों के सहारे सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 1,72,000 करोड़ रुपये के कुल व्यय का दावा किया गया है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा पूर्व की योजनाओं और देनदारियों में ही समाहित है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई नई प्रभावी योजना घोषित नहीं की गई, युवाओं के लिए स्थायी रोजगार का स्पष्ट रोडमैप नहीं है और किसानों को कर्ज, लागत व समर्थन मूल्य के मुद्दे पर ठोस आश्वासन नहीं मिला है। व
धायक ने यह भी कहा कि आदिवासी समाज के विकास को लेकर बजट में केवल आंकड़े और भाषण हैं, जबकि वास्तविक परिवर्तन की झलक नहीं दिखाई देती। महंगाई से जूझ रही गृहिणियों, बेरोजगार युवाओं और संघर्षरत किसानों के लिए बजट में ठोस राहत का अभाव है। अनिला भेड़िया ने कहा कि यह बजट नई दिशा या नई सोच प्रस्तुत नहीं करता, बल्कि पुराने वादों को नई पैकेजिंग में दोहराया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे जनता की आवाज बनकर इस बजट का विरोध जारी रखेंगी और प्रदेशवासियों के हितों के लिए संघर्ष करती रहेंगी।

### जनभावनाओं के विपरीत ...

आया है, प्रदेश सरकार महतारी वंदन का पोर्टल प्रारंभ नही कर रही है। जिससे नवविवाहिता अपने अधिकार से वंचित हो रहे है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं मितानीनो को भी सरकार ने खाली हाथ रखा। उनके हितो को भी प्रदेश सरकार ने अनदेखी की। रसोईया ढ़ाई माह से आंदोलन कर रहे है, लेकिन उनके लिए भी प्रदेश सरकार ने कुछ नही किया। संगीता सिन्हा ने कहा कृशि विज्ञान केन्द्र के कर्मचारी हड़ताल पर है, लेकिन उनके लिए भी सरकार ने कुछ नही किया, जबकि प्रदेश सरकार का यह दायित्व है। उन्हे 25 प्रतिशत अंशदान देना है वह भी प्रदेश सरकार नही दे पा रही है।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान ...

कंसल्ट एवं पीसीआई से जिला समन्वयक उपस्थित रहे। ब्लॉक स्तर से बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओएवं सेक्टर सुपरवाइजर भी उपस्थित थे।

### महिला की संदिग्ध हालात ...

घटना स्थल से चंद मीटर दूर स्थित है। ग्रामीणो द्वारा रात्रि मे ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद पंलिस ने शव को कब्जे में लेकर पुलिस देर रात होने के कारण अन्य कार्यवाही संपन्न कराकर शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार महिला के गले के पास कुछ निशान था, साथ ही शरीर अकड़ चुका था, जिसके कारण मामले में आत्महत्या या हत्या है। यह बात स्पष्ट नही हो पाई है। वही पुलिस दोनो ही एंगल से जांच में जुटी हुई है। मामला हत्या का है या आत्महत्या का, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बालोद पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा तैयार कर शव का पीएम होने के बाद परिजनो को सौप दिया।

### लॉज-गेस्ट हाउसों पर ...

और अनैतिक गतिविधियों पर सीलिंग, लाइसेंस निरस्तीकरण और आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने का प्रावधान है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों रतिराम कोसमा विधायक प्रतिनिधि और महेश कुमार नेताम, सिद्धार्थ कुमार सिंह का कहना है कि यह केवल कानून व्यवस्था का नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संकट का विषय बन चुका है। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में इसका प्रभाव पूरे क्षेत्र की पहचान, सामाजिक शांति और युवा पीढ़ी पर गंभीर रूप से पड़ेगा। संदिग्ध गतिविधियों से दल्लीराजहरा की सामाजिक शांति खतरे में है। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पर्यटन नहीं, परोसा जा रहा अनैतिकता लॉज-रेस्टोरेंट पर सवालों की बौछार हो गई है।

### एआई समिट विवाद में ...

है। कांग्रेस और उनके तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते हुये अब देश का ही विरोध करने लगे हैं। उनके ऐसे शर्मनाक कृत्य के लिये कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध जाहिर किया गया है।

## खबर संक्षेप



### जमीन बेचने का झांसा देकर 13 लाख की ठगी

**भिलाई।** जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वर्ष 2024 में आरोपी मंडल टाउन नेहरू नगर सुपेला निवासी जगजीत उर्फ करण सिंह ने ग्राम जंजगिरी स्थित भूमि को अपना बताकर पीड़ित को बेचने का सौंदा किया। आरोपी जगजीत ने किस्तों में कुल 13 लाख रुपये लेने के बाद रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया। लेकिन उक्त जमीन को अन्य व्यक्ति के नाम पंजीकृत होना पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

### धारदार हथियार के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लहराते हुए युवक को पुलिस ने पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर कोसा नगर स्थित रामलीला मैदान के पास एक युवक अपने हाथ में लोहे का धारदार हथियार लेकर लहरा रहा था। आम नागरिकों को डरा-धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर हिरासत में लिया गया।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 26 को

**दुर्ग।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक गुरुवार 26 फरवरी को शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी सदस्य बैंकर्स, शासकीय विभाग के अधिकारी को प्रस्तावित एजेंडा अनुसार पूर्ण अद्यतन जानकारी सहित समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सारी तैयारियों के साथ बैठक में उपस्थित होवें।

## बजट : बालोद को स्टेडियम, सड़क और साइबर थाना की सौगात

# सर्वसमावेशी और विकासोन्मुखी बजट को अंचल के लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद















■ कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, किसानों ने सराहा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026–27 के बजट को जिले के सभी वर्गों के लोगों ने राज्य को ऊंचाइयों की ओर ले जाने वाली, सर्व समावेशी बजट बताते हुए सराहना की है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा जिले में स्टेडियम निर्माण, बालोद–राजनांदगांव से अंतागढ़ मार्ग निर्माण तथा ड्राइविंग लाईसेंस प्रक्रिया को तकनीकी आधारित बनाने हेतु जिलें में ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेस्ट ट्रेक की स्थापना, सेन समाज भवन, सायबर थाना की सौगात दिया गया है।

राज्य के वित्त मंत्री ओपी. चौधरी द्वारा आज प्रस्तुत बजट पर बालोद जिलेवासियों ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, शासकीय सेवकों, आदिवासियों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन बजट पेश किया गया है।

बजट की सराहना जिले के किसानों, बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं सहित मेहनत मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले ग्रामीण महिलाओं ने भी की है। बजट पर ग्राम झलमला की घरेलु महिला दीपा साहू, ग्राम चिराईगोड़ी निवासी कलाबाई साहू ने पूरे प्रदेश में कुल 75 करोड़ रूपये की लागत से 250 महतारी सदन के निर्माण के अलावा प्रदेश की आंगनबाड़ियों के संचालन हेतु 800 करोड़, पूरक पोषण आहार योजना हेतु 650 करोड़, पोषण अभियान एवं कुपोषण मुक्ति योजनाओं हेतु 235 करोड़ रूपये की राशि के प्रावधान को राज्य के महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

ग्राम झलमला के कृषक थानसिंह ठाकुर, कल्याण साहू एवं गुहाराम ने फसल विविधिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसे फसलों को कृषक उन्नति योजना में शामिल कर इस योजना के लिए 10 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान को किसान हितैषी एवं अत्यंत सराहनीय बताया है। ग्राम सिवनी निवासी मत्स्य पालक कृषक पुरूषोत्तम निषाद ने बजट में प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना अंतर्गत 200 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान भूरी–भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलने के साथ हमारे किसान भाई खेती किसानी के साथ मछली पालन के व्यवसाय को अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे।

बजट मे आदर्श समृद्धि शहर योजना के लिए 200 करोड़ रूपये के प्रावधान की भी नगरीय क्षेत्रें के लोगों ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रें के विकास हेतु एक क्रांतिकारी योजना बताते हुए सराहना की है। जिला मुख्यालय बालोद निवासी दीपक लोढ़ा ने कहा कि यह योजना नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में बुनियादी अधोसंरचना, नागरिक सेवाओं एवं स्वच्छता इत्यादि में स्वच्छता इत्यादि की सुधार की दिशा में अत्यंत निर्णायक होगा। इसी तरह राज्य सरकार के बजट में लखपति दीदी भ्रमण योजना के तहत 05 करोड़ रूपये की राशि के प्रावधान को भी जिले के महिलाओं ने राज्य के महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है। इस योजना की सराहना करते हुए ग्राम तरौद निवासी खिलेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि इस योजना के माध्यम से बजट में समुचित राशि के प्रावधान होने से प्रदेश की महिलाएं, लखपति दीदियों एवं सफल उद्यमियों के कार्य प्रणाली तथा उनके सफल मॉडलों का अध्ययन हेतु एक्सपोजर विजिट कर सकेंगे। इसके साथ ही बजट मे छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना में 05 करोड़ रूपये की राशि के प्रावधान से बालोद जिले के युवाओं में भी सर्वस्व हर्ष व्याप्त है। इसकी सराहना करते हुए बालोद निवासी अभिन्न यादव, ग्राम देउरतराई निवासी प्रशांत कुंजाम ने कहा कि इस योजना के माध्यम से समुचित राशि के प्रावधान होने से राज्य के युवाओं एवं स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक केन्द्रों का भ्रमण कर छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक रीति–रिवाजों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। राज्य के अधिकारी–कर्मचारियों के लिए कर्मचारी कार्ड के जरिए कैसलेस बीमा का लाभ प्रदान करने हेतु 100 करोड़ रूपये राशि के प्रावधान की सराहना करते हुए जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ वाहन चालक राजेन्द्र कुंजाम तथा जिला कोषालय अधिकारी में पदस्थ भृत्य निलेश्वरी गुनेन्द्र ने इसे राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी हित में लिए गए अत्यंत दूरगामी निर्णय बताया है। जिला मुख्यालय बालोद निवासी मोना टुवानी ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को राज्य के विकास की मजबूत आधारशिला बताते हुए इसे सर्व हितैषी एवं लोक कल्याणकारी बजट बताया है।

# श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में त्रिदिनी ध्वजा महोत्सव, बेटियों का हुआ भावनात्मक मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ वर्षों बाद एक साथ जुटीं नगर की बेटियां

नगर के श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय ध्वजा महोत्सव इस बार एक विशेष भावनात्मक संगम का साक्षी बना। इस आध्यात्मिक आयोजन में नगर की वे सभी बेटियां शामिल हुईं, जिनकी शादी के बाद वे अन्यत्र ससुराल में निवास कर रही हैं। संघ समाज द्वारा बहन-बेटियों एवं उनके सगा-संबंधियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम नगर की बेटियों के लिए नए और अविस्मरणीय अनुभव लेकर आया। वर्षों बाद बचपन की सहेलियों से मिलकर अनेक बेटियों ने धुंधली यादों को ताजा किया। यद्यपि उनका नगर आना-जाना लगा रहता है, किंतु यह पहला अवसर था जब जैन समाज की लगभग सभी बेटियां एक साथ अपनी जन्मभूमि में एकत्रित हुईं। दुर्ग से आई संगीता, रीता एवं अमिता ने कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी संघ समाज ने सभी बेटियों को एक साथ आमंत्रित कर सम्मानित किया है। रश्मि, मेघा, सरोज, कल्पना, वीणा, विद्या, सोनल, रूपल, नितल, हर्षा, ऋचा, ममता, ललिता, प्रिया, पायल, पूजा सहित सभी बहनों ने जैन समाज के इस पहल की सराहना की।

इसी प्रकार रायपुर निवासी डॉ. अभिषेक जैन एवं डॉ. हर्ष जैन भी आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने ध्वजा महोत्सव के अंतर्गत वरघोड़ा, भक्ति गीत एवं शिखर ध्वज पूजन में सहभागिता कर ध्वजा को नमन-वंदन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम मन को शांति प्रदान करने के साथ-साथ मित्रों, स्वजनों और परिजनों के साथ बिताया गया समय जीवन के लिए एक टॉनिक समान होता है, जो मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संघ समाज द्वारा सभी बहन-बेटियों को स्नेह स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन ने न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की, बल्कि जन्मभूमि से जुड़े रिश्तों को भी पुनः सशक्त किया।

# महाविद्यालय में हुई मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सरिता दीदी ने दिए तनावमुक्त जीवन के सूत्र

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण, संवर्धन तथा समग्र कल्याण के संबंध में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बालोद ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी थी। विशिष्ट अतिथि पूर्णिमा लोधी, जिला नोडल मानसिक स्वास्थ्य नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम साइकोलॉजिस्ट डॉ. कमलकांत, सहायक कार्यक्रम अधिकारी जिला अस्पताल बालोद संदीप मेश्राम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जेके. खलखो प्राचार्य ने की।

डॉ. जेके. खलखो ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में इस परीक्षा के दौरान होना आवश्यक है। मानसिक तनाव को दूर करने के लिए संतुलित भोजन, पूरी नींद एवं योग, ध्यान को आवश्यक है। जिला कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.कमलकांत ने शासन के द्वारा समय–समय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम व जिला अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सहायक जिला नोडल अधिकारी डॉ संदीप मेश्राम ने विद्यार्थियों के सांथ परीक्षा के समय कैसे तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करना चाहिए व मानसिक तनाव आने के कारण व उसके निवारण पर उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा परिचर्चा की। उन्होंने बताया कि पूरी नींद लेकर, योग कर तनाव को दूर किया जा सकता है, मानसिक तनाव का कई कारण है, जिसमें प्रमुख कारण नशा गुड़ाखू, तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थ का सेवन है। इस समस्या के निदान के लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण परिवार कल्याण मंत्रलय से संपर्क कर 14416 नंबर पर डायल कर अपनी समस्या का निवारण करने की बात कही। काउंसलर पूर्णिमा लोधी, साइकोलॉजिस्ट एवं हिमांशु धर्मांशु ने भी छात्रओं के बीच जाकर प्रयोग कर मानसिक तनाव होने के लक्षण एवं उसके दूर करने के उपाय बताए। मुख्य वक्ता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय बालोद के ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने प्रभावशाली व रोचक ढंग से विद्यार्थियों में होने वाले तनाव व उसके दूर करने के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि हमें तनाव मुक्त जीवन के लिए मुस्कुराना चाहिए। यह जीवन एक आनंद है, इसमें तनाव के लिए कोई स्थान नहीं। हमारे मन को स्थिर रखकर ही हम स्वस्थ तन की प्राप्ति कर सकते हैं। मन को स्वयं के विचार एवं लक्ष्य के आधार पर हम जीवन में विजय प्राप्त कर सकते हैं। मनुष्य बहुत ही शक्तिशाली प्राणी है, मनुष्य के अंदर शक्ति छुपी हुई है, जिसे पहचानने की आवश्यकता है, स्वयं को जानना है। मनुष्य दूसरे से तुलना करके दुखी रहता है। हमें किसी दूसरे से तुलना नहीं करनी चाहिए, तभी सुखी रह सकते हैं, हमें भूतकाल और भविष्य से चिंता नहीं कर वर्तमान में जीना है। भविष्य से चिंता करने से स्थिति बदलने वाली नहीं है।

बीते बातों को लेकर दुखी नहीं होना है। निरंतर चलते जाना है, रुकना नहीं है, रुकना मौत के समान है। मनुष्य मन से ही विकलांग होता है। हमें बच्चों को सकारात्मक विचार देना चाहिए। हमारे मन के संकल्प का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है। हमें सदा मुस्कुराना चाहिए। उक्त कार्यक्रम के दौरान भौतिक विभाग के छात्र– छात्रओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के दुष्प्रभाव होने के कारण वह उसके उपाय के बारे में बताए। कार्यक्रम का संयोजक विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान डॉ. दीपाली राव ने आभार प्रकट किया। संचालन डॉ. आर.डी. साहू द्वारा किया गया।

# उड़नदस्ता की छापेमारी में नहीं मिला एक भी नकलची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सीजी बोर्ड एग्जाम लगातार जारी है। सोमवार को 12वीं के राजनीति, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र, फिजियोलॉजी, वस्तु चित्रण और आलेखन, फसल उत्पादन और उद्यान शास्त्र के पर्चे हुए। आयोजित परीक्षाओं की जांच में शिक्षा विभाग द्वारा गठित उड़नदस्ता की अलग-अलग टीमों ने नकलची को पकड़ने के लिए छापेमारी की। सहायक संचालक सीमा नायक, मिनश समन्वयक विनोद सिन्हा, बीईओ विनोद शुक्ला, डीके देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू ने टीम के साथ कोसानगर, फरीदनगर, सुपेला, वैशालीनगर, बेलौदी, पुरदा, नवागांव, बोरी, लिटिया, चीचा, घोटा, घोटवानी, उमरपोटी, पउवारा, मचांदुर, पुरई, घुघवा, सांकरा, अमलेश्वर, देवबलोदा, उरला, तर्रीघाट, केसरा, भनसुली, मेड़ेसरा, धमधा स्कूल में जांच की।

## निधन

### रत्ना देवी गोस्वामी

**कुसुमकसा।** दुर्गा मंदिर के पुजारी लखन गिरी गोस्वामी की धर्म पत्नी



रत्ना देवी गोस्वामी 67 वर्ष की उम्र में 23 फरवरी रात्रि निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी को दोपहर कुसुमकसा मुक्ति धाम में किया गया। कुसुमकसा व्यापारी संघ ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख श्रद्धा सुमन अर्पित किए, अंतिम संस्कार में सैकड़ों ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### परमानंद साहू

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी परमानंद साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दुजराम साहू, मनमोतिन साहू के पुत्र, गोपिका साहू के पति, नवदीप, यशकुमार साहू के पिता थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टैक फसल सर्वेक्षण के सर्वेयरो के बकाया भुगतान की मांग की

**गुरूर।** ब्लाक में एग्रीस्टैक फसल सर्वेक्षण कार्य में लगे सर्वेयरो के बकाया भुगतान करने मांग करते हुए



जनसेवक संजारी बालोद, संजारी बालोद विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौपा हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि गुरूर ब्लाक में एग्रीस्टैक फसल सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत नियुक्त सर्वेयरो द्वारा निर्धारित समयावधि में अपने दायित्वो का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया गया हैं। किन्तु अब तक संबंधित सर्वेयरो का बकाया भुगतान लंबित है, जिसके कारण उन्हे आर्थिक एवं व्यक्तिगत कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। राकेश कुमार यादव ने कहा उक्त विशय को गंभीरता से लेते हुए एग्रीस्टैक फसल सर्वेक्षण कार्य में लगे सभी सर्वेयरो का बकाया भुगतान शीघ्र किया जाए, ताकि उन्हे उनके कार्य का उचित पारिश्रमिक मिल सके।

### बैहाकुंआ में 5 मार्च को होगा फाग महोत्सव

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बैहाकुंआ में आगामी 5 मार्च को श्रीकृष्ण युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में एक दिवसीय भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समिति के पवन खोब्रागढ़े ने जानकारी देते हुए बताया कि फाग महोत्सव में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 2501 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 1501 रुपये निर्धारित किया गया है। सभी विजेता मंडलियों को पुरस्कार राशि के साथ मोमेंटो एवं श्रीफल भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है तथा प्रत्येक भाग लेने वाली मंडली के लिए निश्चित राशि भी रखी गई है, जिससे सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन हो सके। समिति के सलाहकार पुरानिक भंडारी ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर फाग महोत्सव का आनंद लेने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### कक्षा 10वीं अंग्रेजी परीक्षा में 155 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**बालोद।** हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत आज जिले में कक्षा 10वीं के विशिष्ट एवं सामान्य अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि जिले के सभी 05 विकासखंडों में परीक्षा के लिए कुल 111 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहाँ परीक्षा में कुल 10,319 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 10,164 परीक्षाथएँ शामिल हुए जबकि 155 परीक्षाथएँ अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि गुण्डरदेही विकासखण्ड में 2,414 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 38 अनुपस्थित रहे। इसी तरह डौंडीलोहारा विकासखण्ड में 2396 में से 30 परीक्षार्थी, गुरूर में 1848 में से 32, बालोद विकासखण्ड में 1882 में से 26 और डौंडी विकासखंड में 1779 में से 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल का कोई मामला (नकल प्रकरण) नहीं पाया गया।

प्रवचन : सुख-दुख को भगवान की इच्छा मानें

# परमात्मा की इच्छा में ही जीव का कल्याण मृत्यु शाश्वत सत्य : संत राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





दुर्ग और बालोद जिला के अंतिम छोड में बसे हैं। श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद (बगीचा), जिला–बालोद के अंतर्गत आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर पूज्य संत श्री राजीव नयन जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने भक्तों को गहन आध्यात्मिक संदेश देते हुए जीवन को धर्ममय बनाने की प्रेरणा दी। महाराज श्री ने कहा कि जब सुख आए तो उसे भगवान की दया समझना चाहिए और जब दुख आए तो उसे भगवान की कृपा मानना चाहिए।

■ राजा परीक्षित और मृत्यु का शाश्वत सत्य

उन्होंने बताया कि परमात्मा जो करता है, वह जीव के कल्याण के लिए करता है। मांगने से कुछ नहीं मिलता, बल्कि वही प्राप्त होता है जो परमात्मा की इच्छा होती है। संत श्री ने भक्तों को सत्संग और भजन के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक क्षण का सत्संग भी भक्त को भगवान से मिला देता है। उन्होंने कहा – तन सेवा से पवित्र होता है, धन दान से पवित्र होता है और मन भजन से पवित्र होता है। यदि भजन में मन न लगे तो समझना चाहिए कि आहार शुद्ध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज मनुष्य के जीवन में आहार और व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण ही समाज में अनेक बुराइयां उत्पन्न हो रही हैं। युवाओं को संदेश देते हुए संत श्री ने नियमित दिनचर्या अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा – सौ काम छोड़कर भोजन करना चाहिए, हजार काम छोड़कर स्नान करना चाहिए, लाख काम छोड़कर दान करना चाहिए और करोड़ों काम छोड़कर भजन करना चाहिए। भागवत प्रसंग में महाराज श्री ने राजा परीक्षित का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षित विश्व के प्रथम जीव थे जिन्होंने जन्म से पहले ही भगवान का दर्शन किया। उन्हें ज्ञात था कि सातवें दिन उनकी मृत्यु होगी, परंतु संसार के अन्य जीवों को अपने मृत्यु समय का ज्ञान नहीं है।

मृत्यु शाश्वत सत्य है – जो जन्म लेता है, उसे एक दिन जाना ही है। इसलिए जीवन में नित्य भजन-कीर्तन को शामिल करना आवश्यक है। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख, तेजिया बाई देशमुख बैठे हैं। महाराज जी ने आगे कहा कि कलियुग धर्मदान पर टिका है और तक्षक नाग द्वारा परीक्षित को मुक्ति मिलने के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही श्रवण कुमार की कथा सुनाकर माता-पिता की सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश दिया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथा स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संत श्री के मुखारविंद से अमृतमयी वचनों का श्रवण किया। भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# उड़नदस्ता दल ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का उड़नदस्ता दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा कक्षा 10वीं के अंतर्गत 24 फरवरी को परीक्षा के द्वितीय दिवस जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

■ सेजेस दुधली, बड़गांव, डौंडीलोहारा और कमकापार केंद्रों की जांच

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र सेजेस दुधली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव, सेजेस डौंडीलोहारा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमकापार विकास खंड डौंडीलोहारा का निरीक्षण किया गया। कक्षा 10वीं का अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी द्वारा परीक्षा केंद्रों में उपस्थित विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद मधुलिका तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक, जिला परियोजना कार्यालय बालोद लेख राम साहू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं व्यायाम शिक्षक आदिला खान शामिल रहे।

# गवींद्र साहू बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन, संभाग एवं जिला प्रभारी के निर्देश तथा भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा के पश्चात जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्याम जायसवाल द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित कार्यकारिणी में गवींद्र साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा बालोद का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

जिला उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर गवींद्र साहू ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति सहृदय आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व का वह पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। गवींद्र साहू की



राजनीतिक यात्रा ग्रामीण स्तर से प्रारंभ हुई। उन्होंने ग्राम पंचायत देवरी (द) में वार्ड पंच से लेकर सरपंच तक का दायित्व निभाया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी संगठन में बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, भाजयुमो उपाध्यक्ष अर्जुंदा, आईटी सेल संयोजक अर्जुंदा, मंडल अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अर्जुंदा जैसे विभिन्न पदों पर सक्रिय भूमिका निभाई है।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं एवं समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। गवींद्र साहू राष्ट्र प्रेम की भावना को सर्वोपरि मानते हुए भाजपा की विचारधारा से प्रेरित हैं। वे भारत रत्न अटल बिहारी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आदर्श मानते हैं और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राजनीति के माध्यम से जनसेवा का संकल्प व्यक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, टीनेश्वर बघेल, ठाकुर राम चंद्राकर, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष जीतू विश्वास गुप्ता, जिला मंत्री भाजयुमो देवेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण, सरपंचगण एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## बाबा दरबार में जलेगी नारियल नींबू की होली

# 2 मार्च को पारंपरिक होलिका दहन अनोखी परंपरा निभाएंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 2 मार्च सोमवार को होलिका दहन किया जाएगा। दुर्ग जिला संभाग से लगा हुआ धनोरा मे हर साल नारियल नींबु पुराना कपड़ा से होली जलाया जाता है। इस तरह के पुरे छत्तीसगढ़ में मात्र बाबा दरबार धनोरा मे ही जलाए जाते हैं।

दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने बताया कि होलिका दहन के रोज शाम 5 बजे सभी भकत गण दरबार के पास इकट्ठा होकर फिर नाला के पास दुर्ग रोड पर स्थित बघुवा के मुरती के पास पहुंच कर पुजा पाठ किया जाता है। फिर लाल रंग के चुनरी कपरी पान मिश्री नींबु चढ़ हाकर एक एक करके बघुवा के पेट भीतर से पार होते हैं। आगे बताया कि पेट भीतर से पार होने से सारे परेशानी दूर होते है फिर दरबार पहुंचकर सभी मिलजुल कर पुजा पाठ करके फिर दरबार के आगु होली का के पुजा पाठ करके नंद पंडा द्वारा चकमक के आग के चीगारी से होली जलाया जाता है फिर शरिर से नारियल नींबु पुराना कपड़ा उतार कर होली में डाला जाता है। जिनसे सारे परेशानी दूर होती है और मनोकामना पूर्ण होती हैं। फिर गुलाब साहू जी के मंडली के द्वारा फाग गीत गाया जाता है। जिनके आनंद में सब झुमने लगते हैं और एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हैं और अपने अपने घरों को जाते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहेगे नंद पंडा राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू, रायपुरीहा जीवराखन, ललित साहू रोशन साहू, डॉ धनेशवर साहू, दिनेश साहू ,बाबूलाल साहू ,कल्याण देवांगन, दिनेश यादव, रामु यादव, ओमकार साहू ,टीकम गुमान, साहू मारियल साहू ,वासुदेव स्प्रे, उपसरपंच, कुंभकरण पटेल, मुनना गंधर्व, भोलू खिलेशवर साहू, उमेश साहू ,सुंदर सपरे, चंद्रकांत देवांगन ,एमलाल देवांगन आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत पेंशन व वेतनमान पर निराशा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने छग शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा और बजट प्रदान करने की घोषणा का स्वागत किया है, शर्मा ने कहा पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होना निराशाजनक है।



■ महंगाई भत्ता और आठवें वेतनमान पर स्पष्ट नीति नहीं, कर्मचारियों को झटका

जितेंद्र शर्मा ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय खोले जाने का स्वागत करते हैं पर अन्य शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ सुविधाओं व साधनों में पक्षपात न हो इसका भी ध्यान रखा जाना था। इसके पहले भी आत्मानंद स्कूल खोलकर अन्य शासकीय विद्यालय के बच्चे उपेक्षित रखे गए, अपेक्षा है इस बार ऐसा न हो। जर्जर स्कूलों के लिए नवीन विद्यालय भवन का निर्माण का निर्णय सराहनीय है परंतु सरकार को ये सुनिश्चित भी करना चाहिए कि पूर्व की तरह ये बजट भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इसी तरह प्रदेश कर्मचारियों को उम्मीद थी केंद्र के समान दर से समान तिथि से मंहगाई भत्ते की स्वीकृति व भुगतान की स्पष्ट नीति घोषित की जावेगी पर नही हुई। आठवें वेतनमान के संबंध में सुनिश्चित प्रक्रिया व कार्यवाही की घोषणा इस बजट में किये जाने की भी उम्मीद थी, परंतु नही हुई, जबकि केंद्र सरकार द्वारा इस पर आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है।

# गौ विज्ञान परीक्षा में मयंक को जिले में द्वितीय स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



छत्तीसगढ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2025–26 की द्वितीय चरण की परीक्षा में संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी के भैया मयंक कुमार सोनभद्र ने कक्षा षष्टम से अष्टम वर्ग में बालोद जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

गौ विज्ञान परीक्षा 2025–26 की द्वितीय चरण में पुरे जिले के अपने विद्यालयों में प्रथम और द्वितीय आने वाले विद्याथएँ शामिल हुए। गौ विज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ पालकगण को गौ माता के महत्ता से परिचित कराना है। परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को गौ ग्रंथ दिया गया था। ग्रंथ में गौ माता की उत्पत्ति और पंचगव्य और गौ माता किस प्रकार समस्त मानव जाति के लिए कल्याणकारी है, इसका सविस्तार वर्णन किया गया है। विद्यार्थियों के साथ आम जन के लिए भी यह पठनीय और अनुकरणीय है।

मयंक कुमार के इस उपलब्धि से दादी कुमारी महेश राम सोनभद्र, दादा लाला राम सोनभद्र, नेमीन सोनभद्र, माता पिता एवं चाचा चाची एवं बुआ दीपेश सभी हर्षित है। मयंक के दादा एक सफल कृषक है और घर में देशी गौ वंश का संरक्षण एवं संवर्धन कर रहे है। घर में शाक वाटिका है, जहां सभी सदस्य के साथ मयंक भी सहयोग करता है। गोबर खाद और गौ मूत्र का प्रयोग कर शुद्ध भाजी सब्जी उगाते है। घर में देशी घी व अग्निहोत्र का उपयोग किया जाता है, जिससे वातावरण सुखद एवं सुंदर बना रहता है। वास्तव में गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति का पहल सराहनीय है। मयंक सोनभद्र की उपलब्धि पर सशिमं प्रधानाचार्य ऊर्मिला नेताम, भुनेश्वरी, द्रौपती, गायत्री, टकेश्वरी, नेहा, मुस्कान और समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने छत्रपती शिवाजी महाराज की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभावान व्यक्तित्वों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन समाज की एकजुटता, संगठनात्मक शक्ति एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का सशक्त उदाहरण रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर, केन्द्रीय महासचिव कुंदन चन्द्राकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष डॉ. त्रमेश्वर चन्द्राकर, उपाध्यक्ष महेन्द्र चन्द्राकर, जनपद सभापति लोमश चन्द्राकर, राजेश चन्द्राकर, दीनानाथ चन्द्राकर, पदमाकर चन्द्राकर, राहुल चन्द्राकर, नागेंद्र चन्द्राकर, गंगाराम चन्द्राकर, सूरज चन्द्राकर, विजय चंद्राकर सहित समाज के सम्माननीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# नवीन विद्युत लाइन के लिए एक करोड़ 51 लाख की राशि स्वीकृत

## 40 गांवों को मिलेगी लो-वोल्टेज से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत सांकरा ज से सुरेगांव तक नवीन 33/11 केवी विद्युत लाइन निर्माण हेतु एक करोड़ इनकावन लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।



इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर बालोद जिले के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सदैव बालोद जिले के समग्र विकास के लिए प्रयासरत रहे हैं, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जो मांग रखी थी वह पूरी हुई, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख कहा सदैव जिले के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस नवीन विद्युत लाइन के निर्माण से आसपास के लगभग 40 गांवों को विद्युत कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। इससे क्षेत्र में कृषि, व्यवसाय एवं घरेलू उपभोक्ताओं को विशेष लाभ प्राप्त होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रें में विकास को नई गति मिलेगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




